रेखा गुप्ता
मुख्यमंत्री

सत्यमेव जयते

नमस्कार,

यह संदेश मैं आपसे एक मुख्यमंत्री ही नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में साझा कर रही हूँ - जो हमारी दिल्ली को स्वच्छ, हरित और ऊर्जा-कुशल भविष्य की ओर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

बीते वर्षों में दिल्ली वासियों ने सौर उर्जा, ऊर्जा कुशल उपकरण और प्रदूषण नियंत्रण उपायों को अपनाकर सराहनीय जागरूकता दिखाई है। ये प्रयास न केवल व्यक्तिगत स्तर पर लाभकारी है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी अनमोल है ।

### 1. सोलर प्लांट् लगाएं, और बिजली बिल को शून्य करें

भारत सरकार की **प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना** और दिल्ली सरकार की पूंजीगत सब्सिडी एवं **5 वर्षों के लिए Generation-Based Incentive (GBI )** के साथ रूफटॉप सोलर लगाना अब पहले से कहीं अधिक किफायती हो गया है । बैंक भी 6.50-7 % की ब्याज दर पर दस वर्षों तक की आसान शर्तों पर ऋण उपलब्ध करा रहे हैं । जिससे रूफटॉप सोलर लगाना और भी व्यावहारिक हो गया है ।

उदाहरणतः, यदि आप 3 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट लगाते हैं तो उसकी अनुमानित लागत ₹2,00,000 होगी, जिसमें सरकार द्वारा लगभग ₹1,08,000 की सब्सिडी दी जाएगी तथा उपभोक्ता द्वारा ₹92,000 की राशि वहन की जाएगी । अगर किसी उपभोक्ता की मासिक बिजली खपत 500 यूनिट है, तो वह 3 किलोवाट का सोलर प्लांट स्थापित करके बिलकुल शून्य बिजली बिल पा सकता है। इससे मासिक बचत लगभग ₹2904-3282* होगी एवं 5 वर्षों तक लगभग ₹900 मासिक GBI भी मिलेगा ।

***वार्षिक बचत** (₹ में) पीपीएसी भिन्नता के कारण डिस्कॉम के अनुसार अलग-अलग होता है।

### 2. छोटे कदम,बड़ी बचत

- एसी को 24°C पर सेट करें — हर 1°C बढ़ाने पर लगभग 6% बिजली की बचत होती है।
- पाँच-स्टार रेटेड AC और BLDC (Brushless Direct Current) पंखों का उपयोग करें।

| उपकरण | अनुमानित वार्षिक बचत (₹ में)* | अनुमानित बचत /वर्ष (यूनिट) |
|---|---|---|
| स्प्लिट AC | ₹24696-34423 | 3,000 यूनिट |
| विंडो AC | ₹23049-32058 | 2,800 यूनिट |
| BLDC पंखा | ₹911-1831 | 160 यूनिट |

* **वार्षिक बचत** (₹ **में**) डिस्कॉम और टैरिफ श्रेणी के अनुसार अलग-अलग होता है

हमारे माननीय प्रधानमंत्री के विज़न और आपकी नई सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप, मैं सभी दिल्लीवासियों से अपील करती हूँ कि रूफ टॉप सोलर एवं ऊर्जा-कुशल उपकरण अपनाएँ और अपने घरों में स्मार्ट और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील निर्णय लें।

ये छोटे-छोटे कदम न सिर्फ आपके बिजली बिल घटाएँगे, बल्कि दिल्ली को स्वच्छ और सुंदर भी बनाएँगे।

**आइए, मिलकर दिल्ली को रोशन करे - जिम्मेदारी और गर्व के साथ ।**

Rekha Gupta

**रेखा गुप्ता**
**मुख्यमंत्री, दिल्ली**

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, दिल्ली सचिवालय, आई.पी. एस्टेट, नई दिल्ली-110002
फ़ोन - 011-23392020, 011-23392030 || ईमेल - cmdelhi@nic.in

BSES
BSES Rajdhani Power Limited
a joint venture with GONCTD

Great Place To Work. Certified DEC 2024–DEC 2025 INDIA

# SAMVAD

## दिल्ली के ऊर्जा मंत्री ने किया किलोकरी में दक्षिण एशिया के सबसे बड़े स्टैंडअलोन बैट्री एनर्जी स्टोरेज सिस्टम का उद्घाटन

यह भारत के ऊर्जा क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक क्षण था, जब दिल्ली के माननीय ऊर्जा मंत्री श्री आशीष सूद ने हाल ही में, दक्षिण दिल्ली में बीआरपीएल के बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस)का उद्घाटन किया। यह देश का पहला व्यावसायिक रूप से स्वीकृत और दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा स्टैंडअलोन युटिलिटी–स्केल बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम है।

इस अवसर पर माननीस सांसद (लोकसभा) श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी, और माननीय पार्षदगण श्री कुंवर अर्जुन पाल सिंह मारवाह व श्रीमती सोनाली चौधरी भी उपस्थित थे। बीएसईएस के डायरेक्टर व ग्रुप सीईओ श्री अमल सिन्हा, बीआरपीएल सीईओ श्री अभिषेक रंजन और बीवाईपीएल सीईओ श्री अमरजीत सिंह के नेतृत्व में बीएसईएस टीम वहां मौजूद थी। इस परियोजना के साझेदार इंडीग्रिड, ग्लोबल एनर्जी एलायंस फॉर पीपुल एंड प्लैनेट (जीईएपीपी) और एंपियरआवर के अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

किलोकरी स्थित 33/11 केवी सब–स्टेशन में स्थापित किया गया यह 20 मेगावॉट/ 40 मेगावॉट आवर सिस्टम, हर दिन चार घंटे तक विश्वसनीय बिजली आपूर्ति दे सकता है। इससे इलाके के एक लाख से अधिक निवासियों को फायदा होगा, ग्रिड की स्थिरता बढ़ेगी, अक्षय ऊर्जा को एकीकृत किया जा सकेगा और पीक लोड के दौरान राहत मिलेगी। बीआरपीएल का बीईएसएस, भविष्य में इसी तरह की परियोजनाओं के लिए एक आदर्श बनेगा, जो स्मार्ट, वितरित स्टोरेज और सतत शहरी ऊर्जा प्रबंधन के एक नए युग की शुरूआत करेगा।









## बारिश के दिनों में निम्नलिखित टिप्स अपनाएं, सुरक्षित रहें

सभी को आनंदित करने के लिए मॉनसून एक बार फिर हाजिर है। लेकिन आनंद के साथ मॉनसून अपने साथ अलग तरह की दिक्कतें और परेशानियां भी लाता है। पानी जमा होने की वजह से करंट फैलने और बिजली से संबंधित दुर्घटनाओं का खतरा मॉनसून के सीजन में बढ़ जाता है। लेकिन, सामान्य सी सावधानियां अपनाकर आप अपने और अपने परिजनों के लिए मॉनसून को दुर्घटना रहित बना सकते हैं।

- बिजली के इंस्टलेशंस जैसे पोल, सब–स्टेशन, ट्रांसफॉर्मर, स्ट्रीटलाइट, आदि से दूर रहें।
- बच्चों को सावधान करें कि वे उपरोक्त इंस्टलेशंस के पास न खेलें, अगर उहें बैरिकेट किया गया हों तब भी।
- बिजली के उपकरणों को गीले हाथ से न छुएं।
- एक टेस्टर घर पर रखें। अगर अपके घर का कोई स्विच या दीवार गीली हो, तो उसे न छुएं। पहले टेस्टर का इस्तेमाल करके देख लें कि कहीं कोई लीकेज तो नहीं। अगर जरूरत हो, तो अपने इलेक्ट्रिशियन को कॉल करें।
- बिजली के झटकों व दुर्घटनाओं से बचने के लिए घर में अर्थ लीकेज सर्किट ब्रेकर यानी ईएलसीबी लगवाएं।




आपूर्ति से संबंधित शिकायतें दर्ज करें

कोई करंट नहीं
कम वोल्टेज
आपातकाल

| बिल और भुगतान सहायता |
| --- |
| बिल देखें व भुगतान करें |
| बिल विवरण |
| भुगतान रसीद |

| eLECTRIC पुरस्कार |
| --- |
| बैलेंस चेक करें |
| पॉइंट रिडीम करें |

Available on the App Store
Available on the Android Market

8800919123 पर हमें Hi कहें और हमारी निम्नलिखित सेवाओं का लाभ उठाएं

टॉल फ्री 24x7 19123

वॉट्सऐप सपोर्ट 8800919123 | सुविधाजनक | तुरंत | 24 x 7


संवाद में एडवरटाइज के लिए brpl.bdg@reliancegroupindia.com पर ईमेल करें | बीआरपीएल राजधानी पावर लिमिटेड संवाद में प्रकाशित एडवरटिजमेंट के लिए कानूनी रुप से जिम्मेवार नही है।